# महिला विश्वविद्यालय में तीज पर वी.सी. ने झूला झूला



गोहाना मुद्रिका, 25 जुलाई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को तीज उत्सव का आयोजन किया गया। अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित तीज उत्सव में वी.सी. प्रो सुदेश ने छात्राओं और महिला कर्मचारियों के साथ झूला झूल कर इस उत्सव को मनाया।वी.सी. ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है। वी.सी. ने इसे महिलाओं का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि जैसे हम त्योहारों पर एक होकर उत्सव मनाते है, हमें ऐसे ही हमेशा एक होकर रहना चाहिए। हमेशा खुश रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को हमेशा खुश रहने की सलाह दी। वी.सी. ने कहा कि स्वस्थ मन में स्वस्थ तन का वास होता है।

तीज उत्सव मनाने महिला विश्वविद्यालय पहुंची खानपुर कलां की महिलाओं ने भी वी.सी. को झूला झुलाया और लोकगीत गाए। छात्राओं ने वी.सी. को मेहंदी लगा कर उनका स्वागत किया।इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो शिवालिक यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी. प्रो सरला भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SAT,26 JULY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# महिला विश्वविद्यालय में तीज पर वी.सी. ने झूला झूला



*बी.सी. प्रो. सुदेश महिला विश्वविद्यालय में झूला झूलते हुए। (अरोड़ा)*

गोहाना, 25 जुलाई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को तीज उत्सव का आयोजन किया गया। अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित तीज उत्सव में वी.सी. प्रो सुदेश ने छात्राओं और महिला कर्मचारियों के साथ झूला झूल कर इस उत्सव को मनाया।

वी.सी. ने तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है।

वी.सी. ने इसे महिलाओं का त्यौहार बताया। उन्होंने कहा कि जैसे हम त्यौहारों पर एक होकर उत्सव मनाते है, हमें ऐसे ही हमेशा एक होकर रहना चाहिए। हमेशा खुश रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को हमेशा खुश रहने की सलाह दी। वी.सी. ने कहा कि स्वस्थ मन में स्वस्थ तन का वास होता है।

तीज उत्सव मनाने महिला विश्वविद्यालय पहुंची खानपुर कलां की महिलाओं ने भी वी.सी. को झूला झुलाया और लोकगीत गाए। छात्राओं ने वी.सी. को मेहंदी लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. सरला भी मौजूद रहे।



झूला झूलती महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश।

# अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में तीज उत्सव का आयोजन

गोहाना, 25 जुलाई (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आज तीज उत्सव का आयोजन किया जिसमें महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं व महिला कर्मचारियों के साथ झूला झूल कर इस उत्सव को मनाया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं से बात करते हुए तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति ने बताया कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। और इसे महिलाओं का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि जैसे हम त्योहारों पर एक होकर उत्सव मनाते है, हमे ऐसे ही हमेशा एक होकर रहना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को हमेशा खुश रहने की सलाह दी। कुलपति ने कहा कि स्वस्थ मन में स्वस्थ तन का वास होता है। तीज उत्सव मनाने महिला विश्वविद्यालय पहुंची खानपुर कलां की महिलाओं ने भी कुलपति को झूला झुलाया और लोकगीत गाए छात्राओं ने कुलपति को मेहंदी लगा कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव , परीक्षा नियंत्रक डॉ संदीप दहिया, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्रि तथा मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो सरला भी मौजूद रहे।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय खानपुर में धूमधाम से मनाया गया तीज उत्सव

**पल पल न्यूज: खानपुर कलां / गोहाना, 25 अप्रैल, (अनिल जिंदल )।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज तीज उत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित तीज उत्सव में महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं व महिला कर्मचारियों के साथ झूला झूल कर इस उत्सव को मनाया। इस अवसर पर कुलपति ने छात्राओं व ग्रामीण महिलाओं से बात करते हुए तीज के महत्व पर प्रकाश डाला। कुलपति ने बताया कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है। कुलपति ने इसे महिलाओं का त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि जैसे हम त्योहारों पर एक होकर उत्सव मनाते है, हमे ऐसे ही हमेशा एक होकर रहना चाहिए। हमेशा खुश रहना चाहिए।

# कुलपति ने छात्राओं के साथ मनाया तीज महोत्सव



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में शुक्रवार को तीज महोत्सव मनाया गया। विवि के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं व महिला कर्मचारियों के साथ झूला झूलकर तीज मनाया और लोकगीत भी गाए। छात्राओं ने उन्हें मेहंदी भी लगाई। इस दौरान प्रो. सुदेश ने तीज पर्व को महिलाओं को त्योहार बताया। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है। उन्होंने सभी को एक साथ और हमेशा खुश रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि हमेशा खुश रहने से शरीर स्वस्थ रहेगा। स्वस्थ मन में ही स्वस्थ तन का वास होता है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया , चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. सरला भी मौजूद रहे।



गोहाना। झूला झूलते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो :हरिभूमि

# अपने त्योहारों को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ हर्षोल्लास से मनाएं : वीसी

- कुलपति ने छात्राओं संग झूला-झूलने का लुत्फ उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां में शुक्रवार को तीज उत्सव का आयोजन किया गया। विवि के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में आयोजित इस समारोह में कुलपति प्रो. सुदेश ने महिला कर्मचारियों व छात्राओं के साथ झूला झूलने का लुत्फ उठाया। गांव खानपुर कलां की महिलाएं भी तीज उत्सव मनाने महिला विवि में पहुंची।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हरियाली तीज को श्रावणी तीज भी कहा जाता है। सावन माह होने की वजह से हर तरफ हरियाली होती है। प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति के प्रतीक हैं। अपनी संस्कृति की मजबूती के लिए अपने त्योहारों को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाएं। उन्होंने महिला विवि परिवार के साथ ग्रामीण महिलाओं को तीज उत्सव की शुभकामनाएं दी। महिला कर्मचारियों, छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं ने झूला झूलते हुए लोकगीत गाए। छात्राओं ने कुलपति प्रो. सुदेश के हाथों पर मेहंदी भी लगाई। समारोह में विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी अत्री व मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. सरला उपस्थित रहे।